DATE:-22-01-2026

हिन्दुस्तान

ओलंपियाड का अवसर मिला तो छात्राओं ने सपनों को दी उड़ान

हिन्दुस्तान OLYMPIAD 2025

Ignite Your Competitive Spirit

पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज सफदरगंज।

बाराबंकी। जिले के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सफदरगंज व बाराबंकी शहर में हिन्दुस्तान ओलंपियाड 2025 की परीक्षा संपन्न हो गई। इस परीक्षा को लेकर प्रधानाचार्यो ने बच्चियों के उत्साह की सराहना की और उन्हें भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए इस परीक्षा से मिले अनुभव को लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस परीक्षा के लिए बच्चियों का रजिस्ट्रेशन फार्म स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ब्रांड (शुद्ध) के मैनेजिंग डायरेक्टर पीयूष उपाध्याय द्वारा कराया गया था। पीयूष उपाध्याय का कहना है कि हिंदुस्तान ओलंपियाड विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच एवं विषयगत ज्ञान का मूल्यांकन करना है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी शहर व सफदरगंज की 400 बच्चियों का रजिस्ट्रेशन कराकर ओलंपियाड परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया गया।

बोले लोग

शुद्ध मिल्क परिवार की ओर से जरुरतमंद बच्चों को प्रोत्साहित कर हिन्दुस्तान ओलंपियाड परीक्षा में प्रतिभाग कराने के लिए बहुत अभार है। ऐसी परीक्षा से भविष्य की दिशा निर्धारण के लिए महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। **-डॉ. अर्चना पाण्डेय** प्रधानाचार्य, जीजीआईसी, सफदरगंज।

हिन्दुस्तान ओलंपियाड परीक्षा 2025 स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से विद्यालय को चुनने का धन्यवाद है, जो विद्यालय के मेधावी छात्राओं को अवसर प्रदान किया। परीक्षार्थियों को स्व मूल्यांकन का मौका मिला। **-नंदिता सिंह,** प्रधानाचार्य, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी